# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...

अंतर्कथा | वर्ष 26, अंक 21 | Web :- www.antarkatha.com | Youtube:- antarkatha news | रविवार 21 अप्रैल 2024 | पेज- 1






## बाघमारा के पूर्व DSP, ASP निशा मुर्मू के घर में लगी आग

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : एंटी करप्शन ब्यूरो यानी ACB रांची की ASP निशा मुर्मू के घर में आग लग गई। उनका घर कांके रोड के मिशन गली में है। धधकती आग की चपेट में आकर लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गये। ASP निशा मुर्मू ने मीडिया को बताया कि उनके घर के पहले तल्ले पर एक कमरे में अचानक आग लग गयी। आग उनके ही कमरे में लगी थी, इस आग से उनके कमरे में रखें सभी सामान जलकर राख हो गये। बगल के कमरे में भी कुछ सामान जले हैं। गनीमत यह रही कि धधकती आग की लपटें ग्राउंड फ्लोर तक नहीं पहुंची। करीब 1 घंटे के मशक्कत के बाद धधकते आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पहुंचे रांची

अंतर्कथा प्रतिनिधि

रांची : दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह रांची पहुंचे। उन्हें एक झलक देखने के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया और फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी थी। भीड़ को संभालने के लिए सुरक्षा के तगड़े इंतेजाम किये गये थे। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली तेंदुलकर भी थी। वे यहां युवा इंडिया नाम की संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने आये हैं। युवा इंडिया संस्था झारखंड के आदिवासी और गरीब बच्चों को फुटबॉल सिखाती है और उन्हें विशेष ट्रेनिंग देती है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक फाउंडेशन के कार्यक्रम के लिए रांची आये हैं। यह फाउंडेशन झारखंड के छोटे-छोटे बच्चों को फुटबॉल और अन्य खेलों की ट्रेनिंग दे होनहार बनाती है। इन्हीं बच्चों की हौंसला अफजाई करने के मकसद से उनका रांची आगमन हुआ है। गौरतलब है कि फ्रेंज गैसलर नाम के एक शख्स झारखंड के ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में जाकर बच्चियों को फुटबॉल खेलने के लिए चुनते हैं। फिर उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है।

## धोनी ने पूरी की फैन की ख्वाहिश, ऑटोग्राफ देकर जीता दिल, वीडियो वायरल



नई दिल्ली : इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं उनका दिल भी अपने फैंस के लिए खूब धड़क रहा है. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में धोनी ने एक बार फिर मैदान के अंदर और बाहर तहलका मचा दिया. मैदान पर उन्होंने 9 गेंदों में 28 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसे देखकर फैंस और एक्सपर्ट भी हैरान रह गए. 42 साल की उम्र में भी माही तेज गेंदबाजी के खिलाफ छक्के लगा रहे हैं, ये कारनामा वाकई देखने लायक है. मैदान के बाहर भी उन्होंने अपने अंदाज से सबका दिल जीत लिया. धोनी का जलवा सिर्फ मैदान तक ही सीमित नहीं रहा. उन्होंने मैदान के बाहर भी एक ऐसा काम किया, जिसने सबका दिल जीत लिया.

# झारखंड में स्कूलों का टाइम-टेबल बदला



धनबाद : झारखंड में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुये स्कूलों के टाइम-टेबल बदल दिये गये। क्लास KG से आठवीं कक्षा सुबह 7 बजे से दिन के 11.30 बजे तक एवं क्लास 9 से ऊपर की क्लास सुबह 7 बजे से दिन के 12 बजे तक होगी। यह नियम सरकारी और गैर सरकारी दोनों ही स्कूलों में लागू होगा। इस संबंध में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। यह नियम 22 अप्रैल से लागू होगा।

शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि क्लास केजी से आठवीं तक की कक्षा सुबह 7:00 से 11:30 तक और क्लास 9वीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7:00 से 12:00 तक संचालित होगी। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि विभाग का यह निर्णय सभी श्रेणी के सरकारी, गैर सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों में लागू होगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि इस दौरान प्रार्थना सभा, खेलकूद या दूसरी गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जायेगी। जिन स्कूलों में मिड डे मील दिया जाता है, वह जारी रहेगा।

## लोकतंत्र के महापर्व में बीएलओ उत्साहपूर्वक करे कर्तव्य का पालन - डीसीएलआर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में आज बाघमारा एवं झरिया विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ से कहा कि वे लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करें। मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों में महिला पुरुष तथा सीनियर सिटीजन व दिव्यांग मतदाताओं सहित तीन लाइन रहेगी। सीनियर सिटीजन व दिव्यांग तथा गर्भवती महिलाओं को जल्दी मतदान करने के लिए सहायता करें। साथ ही कहां कि मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान होम वोटिंग, मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण, चुनाव के दिन बीएलओ की ड्यूटी, बीएलओ के लिए ईडीसी से मतदान करने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। बाघमारा विधानसभा के प्रशिक्षण में डीसीएलआर श्री संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन, एईआरओ सह बाघमारा की प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुषमा आनंद तथा झरिया विधानसभा के प्रशिक्षण में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषिनी मुर्मू के साथ दोनों प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण, श्री कुलदीप, श्री कुमार वंदन सहित बीएलओ, सुपरवाइजर मौजूद थे।

## जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गांव-गांव, शहर-शहर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन
- लो टर्न आउट वाले बूथों पर स्वीप कोषांग की है विशेष फोकस

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके तहत आज तोपचांची प्रखंड में जेएसएलपीएस की महिला समूह की दीदियों द्वारा मानव श्रिंकला बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दीदियों ने 25 मई को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील किया। वही कुसुंडा क्षेत्र के प्रबंधन एवं कर्मियो द्वारा अपने क्षेत्रीय कार्यालय के आस पास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु प्रभात फेरी निकाली गई।

## उलगुलान महारैली में सुनीता और कल्पना का छलकेगा दर्द

अंतर्कथा प्रतिनिधि




रांची : राजधानी रांची के धुर्वा में प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को आयोजित होने वाली उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने का न्योता महागठबंधन के सभी दिग्गज नेताओं को दिया गया है। इस महारैली में कई हस्तियां शामिल हो सकते हैं। रांची पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी कर लेने का दावा किया है। 21 अप्रैल को रांची में तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं, इसके चलते मैदान में बड़े-बड़े पंडाल बनाये गये हैं। लाइट का पूरा इंतेजाम किया गया है। पंडाल निर्माण का काम देख रहे राजीव कुमार का कहना है कि पंडाल की लंबाई 40 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर है। वहीं दो सहायक मंच बनाये गये हैं। जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के लिये अलग से दो बड़े-बड़े पंडाल बनाये गये हैं। एक लाख लोगों की क्षमता के अलग- अलग पंडाल बनाये गये हैं। वहीं, 70 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। V VIP और VIP लोगों के लिए अलग से टेंट में सोफा लगाया गया है। बीते 13 अप्रैल से काम चल रहा रहा है। 70 से 150 मजदूर रोज काम कर रहे हैं। 20 से ज्यादा बड़े बड़े LED स्क्रीन लगाये जा रहे हैं। रांची के दून टेंट हाउस के राजीव ने कहा कि झारखंड में उनका यह कोई नया काम नहीं है। बीते लंबे अर्से से दून टेंट हाउस बेखूबी यह काम कर रहा है। महारैली में राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के पूर्व डिप्टी CM तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्लाह, माले के दीपांकर भट्टाचार्य, सुनीता केजरीवाल एवं कल्पना सोरेन जैसी हस्तियां के आने के आसार हैं। इधर, देर शाम सूबे के CM चंपई सोरेन प्रभात तारा मैदान का जायजा लेने पहुंचे। उनके साथ पार्टी के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य भी मौजूद थे।

# मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है : रागिनी

अंतर्कथा प्रतिनिधि




झरिया : झरिया के बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो , भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, जबकि संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया।
भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष बिल्कुल विफल है। मोदी सरकार ने बहन बेटी को सुरक्षित करने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधा देने का काम किया है। मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब करके दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार नहीं सोच पाई। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। वही बात जब धनबाद लोकसभा क्षेत्र की हो तो हमे हमारे देश के यशश्वी प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी का काम और कमल के निसान को याद करते हुए मतदान के दौरान बटन दबाकर धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके और आने वाले समय में ऐतिहासिक निर्णय लिया जा सके। वही भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना एक एक कार्यकर्ता का दायित्व है। अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा।
कहा आम कार्यकर्ता को भाजपा ने टिकट दिया है। कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है।जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए भाजपा को वोट देना है। ढुलू महतो को जिताकर संसद भेजें। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना, राम बालक सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव, रिंकू शर्मा, संजय रवानी, रामदेव शर्मा, काजू राय, रूपेश गुप्ता, भोलानाथ गोस्वामी, कौशल वर्मा, अनित सिंह, मनोज गोप, पप्पू पासवान, राजू रविदास, प्रेम गोप, रंजीत दास, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, राहुल गुप्ता, अध्यक्ष कुंदन यादव, प्रतिमा गिरी, टुम्पा सरकार, शोभा देवी, बबलू सिंह, देशराज चौहान, उपेंद्र सिंह, गोपाल यादव, आकाश पासवान, राजकुमार राम मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी उपस्थित थे।

## विधायक ढुल्लू मिले कांग्रेस के पूर्व सांसद ददई दुबे से, लिया आशीर्वाद

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद में राजनीति के रंग बदलने लगे है. एक से एक तस्वीर सामने आने लगी है. कभी कोई किसी का समर्थन करता तो कभी कोई किसी को आशीर्वाद लेता है. धनबाद लोकसभा में भाजपा और कांग्रेस दोनों उम्मीदवारों को लेकर असंतोष है. इस अ संतोष को पाटने के लिए कोशिश भी जारी है, लेकिन शुक्रवार को पूर्व सांसद ददई दुबे के प्रबल समर्थक ललन चौबे के इस्तीफा के बाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने शनिवार को बोकारो जाकर पूर्व सांसद ददई दुबे से मुलाकात की.
इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. लोग बताते हैं कि ढुल्लू महतो ने ददई दुबे का पैर छूकर आशीर्वाद लिया. विजई भव: का आशीर्वाद मिला कि नहीं, यह तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन सूत्र बताते हैं कि सिर पर हाथ रखकर ददई दुबे ने विधायक ढुल्लू महतो को आशीर्वाद दिया. शुक्रवार को ददई दुबे के प्रबल समर्थक ललन चौबे ने धनबाद संसदीय क्षेत्र से अनुपमा सिंह को टिकट दिए जाने के खिलाफ इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बेरमो के विधायक अनूप सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए थे. अनुपमा सिंह बेरमो विधायक अनूप सिंह की पत्नी है. धनबाद लोकसभा से टिकट के रेस में दर्जन भर लोग शामिल थे, लेकिन सबको पछाड़कर अनुपमा सिंह ने टिकट हासिल कर लिया है. इसको लेकर कांग्रेस में विरोध भी चल रहा है और यह विरोध अब सतह पर आ गया है. आज ढुल्लू महतो का ददई दुबे से मिलना और उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होना, क्या किसी नए समीकरण को जन्म तो नहीं दे रहा है. हालांकि राजनीति जानने वाले बता रहे हैं कि यह संयोग नहीं बल्कि ढुल्लू महतो का एक प्रयोग है. समय की नजाकत को देखते हुए अवसर का लाभ उठाने की कोशिश है.

## लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वल्नरेबल बूथ को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक

- स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण चुनाव को बाधित करने वालो के खिलाफ होगी कार्रवाई- जिला निर्वाचन पदाधिकारी
- वल्नरेबल वोटरों के साथ खड़ी है जिला प्रशासन, भयमुक्त होकर करें मतदान- जिला निर्वाचन पदाधिकारी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर वल्नरेबल बूथ को लेकर सभी एआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसकी तैयारियां पूर्ण गंभीरता के साथ समय-सीमा में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप की जाएं। सभी अधिकारी अपने कर्तव्य और दायित्वों का पूर्ण गंभीरता के साथ निर्वहन करें।
बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट/सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले समस्त बूथों का कम से कम तीन बार निरीक्षण करने को कहा। जिससे बूथो के क्रिटिकल्टी एवं वल्नरेबल्टी की वास्तविक स्थिति से अवगत हो सके। इस दौरान उन्होंने समस्त बूथों पर मूलभूत व्यवस्थाएं एवं रूट चार्ट की भी जांच करने को कहा, जिससे समय रहते सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथों के निरीक्षण के दौरान मतदान प्रभावित करने वालों के साथ ही मतदान प्रक्रिया से प्रभावित होने वालों के बारे में भी विस्तृत जानकारी एकत्रित करने को कहा, जिससे संबंधित लोगों के खिलाफ समय रहते आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा सके।

## सभी छह विस के बीएलओ, सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से विगत तीन दिनों से न्यू टाउन हॉल में धनबाद, झरिया, बाघमारा, निरसा, टुंडी व सिंदरी विधानसभा के बीएलओ व सुपरवाइजर का 14 बिंदुओं पर प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ।
प्रशिक्षण में मुख्य रूप से फॉर्म 12 डी, होम वोटिंग, ए.एस.डी. लिस्ट, वोटर इन्फोर्मेशन स्वीप, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप एक्टिविटी, वोटर फेसिलिटेशन पोस्टर, चुनाव से 2 दिन पहले, 1 दिन पहले और चुनाव के दिन का दायित्व, वोटर हेल्पलाइन एप व सी-विजील एप, ईवीएम, चुनावी पाठशाला इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।
प्रशिक्षण सत्र में सभी विधान सभा के एआरओ तथा एईआरओ ने उपस्थित होकर उचित दिशा निर्देश दिए।

## मोना हत्याकांड में पति, सास व ससुर कोर्ट में हाजिर, सुनवाई की तारीख तय



अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बरवाड़ा थाना क्षेत्र के ऋषि नगर, भेलाटांड़ निवासी अभिषेक कुमार की 36 वर्षीय पत्नी मनिका अघोरी उर्फ मोना की हत्या मामले की सुनवाई शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा की अदालत में हुई. आरोपित पति अभिषेक कुमार, सास मीना देवी व ससुर ब्रजेश कुमार कोचगवे कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए.
उनकी ओर से उनके वकील ने पैरवी की. अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने अपना पक्ष रखा.
कोर्ट ने आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए अगली तारीख 16 मई 2024 तय की है. उल्लेखनीय है कि मृतक के पिता अघोरी धर्मेंद्र बिहारी लाल की शिकायत पर बरवाड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. इसके मुताबिक, शादी के 13 साल बाद भी मोना को कोई संतान नहीं हुई। जिसके चलते सास-ससुर उसे मार कर अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहते थे. घटना के वक्त घर में मोना के पति अभिषेक कुमार, ससुर ब्रजेश कुमार कोचगवे, सास मीना देवी मौजूद थे. पांच लाख रुपये दहेज के लिए तीनों ने मिलकर मोना की हत्या कर दी. पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल एक धारदार चाकू, खून से सना तौलिया और अभिषेक और उसके माता-पिता के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। श्री लाल ने अपने दामाद अभिषेक कुमार, समधी ब्रजेश कुमार कोचगवे और समधन मीना देवी पर अपनी बेटी मनिका अखौरी उर्फ मोना की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने 19 जुलाई 2023 की रात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 जुलाई को कोर्ट में पेश किया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया. हालांकि, तीनों आरोपी फिलहाल जमानत पर हैं।

## बलियापुर बीडीओ ने आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त तैयारियों को लेकर की बैठक

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 को आसान्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर श्री राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षक, तथा बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक किया गया।
आगामी लोकसभा चुनाव हेतु दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की साफ सफाई तथा स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया की 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है जिसमें सभी में काम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य ही उपलब्ध होना चाहिए। मतदान दिवस के दिन ऐसे दिव्यांग मतदाता जो स्वयं या परिवार के सदस्य के साथ मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ हैं उन्हें छोटे वहां से मतदान केंद्रों पर लाने हेतु ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।
बैठक में यह भी जानकारी दिया गया कि मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतार में व्यवस्थित करने, पानी पिलाने, साइनेज लगाने आदि की तैयारी के लिए बीएलओ को ₹1000 दिया जा रहा है, इसका पर्यवेक्षक सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया।
बैठक में उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र वाले सभी विद्यालयों के साफ सफाई तथा पोलिंग पार्टी के सदस्यों को भोजन आदि करने की व्यवस्था करने हेतु संबंधित माता समिति से समन्वय बनाए रखें। इसके अतिरिक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा बीपीएम जेएसएलपीएस को स्वीप कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# शादी या उत्सव में भोजन को बर्बाद ना करके वृद्धा आश्रम में गरीबों के लिए इसे दान करे

अंतर्कथा प्रतिनिधि





जमुई -: जमुई जिले में बहुचर्चित समाज में एक नई दिशा दिखाने वाले डॉक्टर एम एस परवाज ने जिले के लोगों से नम्रता पूर्वक गुहार लगाई है कि अगर आपके घर में, आपके परिवार में, आपके संबंधी में किसी के यहां भी कोई शादी हो रहा हो तो वह शादी सफलतापूर्वक हो लेकिन शादी के उपरांत अगर भोजन बच जाता है तो उस भोजन को बर्बाद ना करके वृद्धा आश्रम में रहने वाले उन गरीब लोगों को दान किया जाए जो इस खाने के मोहताज होते हैं। साथ ही अगर उनसे बन पड़े तो किसी भी प्रकार से घर में वैसा कपड़ा जिनका उपयोग हो सकता है और उन्होंने न किया हो उसे भी वृद्धा आश्रम में दान के स्वरूप भेज सकते हैं। इसके लिए कॉल करने के उपरांत उनकी गाड़ी अर्थात संस्था की गाड़ी उनके स्थल तक जाएगी और पुनः सामग्री को लेकर अपने स्थल वापस लौट जाएगी। साथ ही इस दिशा में कदम बढ़ाने वाले लोगों को इन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर आप एक-एक कदम हमारे और बढ़ाएंगे तो शायद हमारे इस सार्थक पहल को सफल होने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसके लिए इन्होंने अपना मोबाइल नंबर जारी करते हुए कहा कि आप हमें कॉल करके पूर्व से इसकी सूचना भी दे सकते हैं। इसके उपरांत सूचना पाने पर हम या हमारे साथ कार्य कर रहे हैं वैसे साथी जो बिना किसी लोभ लालच के इस वृद्धा आश्रम में अपना योगदान दे रहे हैं वह आपके दरवाजे तक पहुंचकर हमारे इस कार्य में हमारा हाथ बटाएंगे और साथ ही साथ होने वाले भोजन जो बर्बाद होंगे उनका उपयोग कहीं ना कहीं इन गरीबों के बीच करवाने का काम करेंगे। इन्होंने कहा कि इस वृद्धा आश्रम में वैसे लोग रहते हैं जिन्हें उनके अपने ही बच्चों ने अपने ही घर से अलग कर यूं ही रास्ते पर छोड़ दिया है और उन्हें उनकी कोई परवाह नहीं है ऐसे में अगर उनकी सेवा की जाए तो शायद उन सेवा करने वालों को यह तो जरूर आभास हो जाएगा कि कहीं ना कहीं उनकी सेवा करके मैं अपने माता-पिता की ही सेवा कर रहा हूं और उस ऊपर वाले ईश्वर के घर में कहीं ना कहीं पुण्य कमाने का कार्य कर रहा हूं। कुछ लोग ऐसे भी होंगे जिन्हें अपने माता-पिता की सेवा करने का समय नहीं मिल पाया हो और वह कहीं ना कहीं अपने हाथो से इस कार्य को कर पुण्य कमाना चाहते है तो वे जरूर हाथो को बढ़ाकर इन असहाय और मजबूर की सेवा करे क्योंकि ये आश्रम आपका और ये लोग आपके लोग है बस इसे हर बातो से ऊपर कर सेवा भावना से इस कार्य को करे तो आने वाले समय में उन्हे पुण्य स्वरूप वापस जरूर मिलेगा।

## चुनाव से पहले झारखंड में कांग्रेस को बड़ा झटका, दिग्गज नेता ललन चौबे ने दिया इस्तीफा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद :-विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाने से नाराज झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य सह इंटक नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। यह जानकारी उन्होंने भागा स्थित अपने आवास में पत्रकारों को दी। इस दौरान ललन चौबे ने कांग्रेस के प्रदेश व केंद्रीय नेताओं पर टिकट बेचने का आरोप लगाया। ललन चौबे ने आरोप लगाया कि विधायक अनूप सिंह कोयले का अवैध धंधा चलाने के आरोपित हैं। कांग्रेस ने ऐसी घरेलू महिला को टिकट दे दिया जिन्होंने कभी घर की चौखट नहीं लांघी। कांग्रेस ने जानबूझकर भाजपा को लाभ पहुंचाने को अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

यह समर्पित कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से 11 लोगों ने टिकट के लिए दावेदारी की थी। पार्टी के निर्णय से आहत होकर हजारों समर्थकों के साथ शुक्रवार को उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व प्रभारी को भेज दिया है।

## एरिया 4 के सीआईएसएफ जवान ने मानवता दिखाते हुए घायल युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया

अंतर्कथा प्रतिनिधि

कतरास : तेतुलमारी थाना से महज 200 फीट की दूरी पर मुख्य मार्ग में हाईवा और मोटरसाइकिल में टक्कर हुई ,मोटरसाइकिल सवार टकराकर रोड पर गिर गया, जिसे आमजन देखते रह गए ,लेकिन सीआईएसएफ उसी रास्ते से जीएम कार्यालय जा रहे थे ने मानवता को दिखाते हुए घायल युवक को उठाकर अपने गाड़ी से धनबाद के असर्फी हॉस्पिटल में इलाज हेतु ले जाकर भर्ती कराया, तेतुलमारी थाना पुलिस हाईवा को जप्त कर घायल व्यक्ति का सत्यापन में लगी हुई है, घायल युवक मौत और जिंदगी से खेल रहा है|

## धनबाद साइबर पुलिस एक साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साइबर अपराधी गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक साइबर अपराध रोकथाम के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था।

## मॉक पोल के बाद डाटा जरुर डीलिट करे - डीडीसी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल व त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर ने आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वार्तालाप करके उसका समाधान करने को कहा। साथ ही समय पर मॉक पोल शुरु करने, मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहेंगे उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे।

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरने, चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने, 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

# समर स्पेशल गाड़ी झाझा किऊल, मोकामा, पटना, पाटलिपुत्र, छपरा होते हुए परिचालन किया जायेगा

अंतर्कथा प्रतिनिधि



जमुई झाझा-: ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 19 जोड़ी समर स्पेशल गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। जिसमें झाझा रेलवे स्टेशन होकर गुजरने वाली भी कई गाड़ी शामिल है। जानकारी देते हुए रेलवे हाजीपुर जोन के जनसंपर्क पदाधिकारी विरेंद्र कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 03135 कोलकाता पटना समर स्पेशल स्पेशल 23 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को कोलकाता से 23.50 बजे खुलकर अगले दिन 10.25 बजे पटना पहुंचेगी वापसी में यही गाड़ी 03136 पटना कोलकाता समर स्पेशल 24 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को पटना से 12.15 बजे खुलकर उसी दिन 23.55 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इस स्पेशल गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 6 कोच होगे और यह गाड़ी झाझा, किऊल, मोकामा के रास्ते चलेगी। इसके अलावे 06085 एरणाकुलम पटना समर स्पेशल गाड़ी भी 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को एरणाकुलम से 23.00 बजे खुलकर सोमवार को 3.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 06086 पटना एरणाकुलम समर स्पेशल 22 अप्रैल से 1 जूलाई तक प्रत्येक सोमवार को पटना से 23.45 बजे खुलकर गुरूवार को 10.30 बजे एरणाकुलम पहुंचेगी। इस स्पेशल गाड़ी में साधारण श्रेणी के 22 कोच होगें और यह झाझा आसनसोल भूवनेश्वर के रास्ते परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 03131 सियालदह गोरखपुर समर स्पेशल 22 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार को सियालदह से 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 3.25 बजे पटना रूकते हुए 10.10 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी गाड़ी संख्या 03132 गोरखपुर सियालदह समर स्पेशल 23 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं रविवार को गोरखपुर से 11.30 बजे खुलकर 19.55 बजे पटना जंक्शन रूकते हुए अगले दिन 6.25 बजे सियालदह पहुंचेगी। इस स्पेशल गाड़ी में शयनयान के 16 कोच होगा और यह समर स्पेशल गाड़ी झाझा किऊल, मोकामा, पटना, पाटलिपुत्र, छपरा होते हुए परिचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या 03045 हावड़ा रक्सौल समर स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03046 रक्सौल हावड़ा समर स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर अगले दिन 8.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 9 एवं साधारण श्रेणी के 8 कोच होगें। यह गाड़ी झाझा, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी के रास्ते परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 03509 आसनसोल खातीपुरा स्पेशल गाड़ी आसनसोल से 23 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को आसनसोल से 13.20 बजे खुलेगी जबकि खातीपुरा से 24 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक गुरूवार को 12.40 बजे खुलेगी। इस स्पेशल गाड़ी में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 1, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 4, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 2 एवं साधारण श्रेणी के 2 कोच होगे। यह गाड़ी झाझा किऊल, पटना, डीडीयू प्रयागराज, आगर फोर्ट के रास्ते चलेगी।

# पत्नी पर दूसरे युवक के साथ प्रेम प्रसंग का होने का शक पर की मारपीट, स्थिति नाजुक, पटना पीएमसीएच रेफर

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: झाझा थानाक्षेत्र के नगर क्षेत्र स्थित पिपराडीह मुहल्ले में किराये के मकान में रह रही एक महिला को उसके सनकी पति के द्वारा कूकर से बेरहमी ढंग से सिर पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद घर के मालिक के द्वारा डायल 112 की पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और घायल महिला को उठाकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया जहां घायल महिला का इलाज डॉक्टर के द्वारा किया गया लेकिन महिला की स्थिति नाजुक रहने पर डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान झाझा थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर एक बांझी कुसुम गांव के रहने वाले अनिल कुमार हेम्ब्रम की पत्नी सरीता टुडु के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अनिल हेम्ब्रम दिल्ली मे दैनिक मजदूरी करके कुछ दिन पूर्व ही घर आया। शुक्रवार की रात्रि में कुछ पति पत्नी के बीच विवाद हुआ जिससे गुस्साए पति ने शनिवार की अहले सुबह पति ने उसके ऊपर कूकर से प्रहार करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। मकान मालिक ने बताया कि जब सरीता का छोटा बेटा मुझे उठाकर सारी बात बताया तो मै बचाने के लिए गया तो अनिल मुझपर पर हमला करना चाहा। जिसके बाद बाहर निकलकर दरवाजा बंद करते हुए पुलिस को सूचना दी। अनिल घटना को अंजाम देने के बाद छत से कूदकर भागने की कोशिश की जिसमें वह सफल नही हो सका और पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पीड़िता के घर वाले किसी भी तरह का कोई आवेदन नही दिया। हिरासत में लिए गए अनिल से पूछताछ किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार अनिल को पत्नी पर दूसरे युवक के साथ प्रेम प्रसंग का होने का शक था। गंभीर रूप से घायल की स्थिति नाजुक होने पर जमुई से भी उसे पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है।



## पिता के साथ और उसके बाद बेटे के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मारपीट



अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: सिमुलतला थानाक्षेत्र अंतर्गत गादी टेलवा गांव में पहले पिता के साथ और उसके बाद बेटे के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट में घायल युवक की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां डॉक्टर ने घायल युवक का इलाज किया। घायल युवक ने बताया कि गांव में ही मै घर बनाया है उसी बात को लेकर चुन्नु राम सहित अन्य चार पांच लोग एकजुट होकर मेरे साथ लाठी डंडा से मारपीट करते हुए सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया। घायल युवक ने बताया कि मारपीट करने वाले लोग एक दिन पहले मेरे पिता को बांध कर उसके बाद उसके साथ मारपीट किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी ने किया प्रेस वार्ता



नवादा - :जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्गत अधिकृत के आलोक में नवादा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मतदान शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हुई। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि नवादा लोकसभा में कुल 43.2 प्रतिशत मतदान किया गया। रजौली में 46 प्रतिशत, गोविंदपुर में 41.3 प्रतिशत, वारिसलीगंज में 40.69 प्रतिशत,हिसुआ 44.12 प्रतिशत,नवादा 43.14 प्रतिशत ,बरबीघा 44.28 प्रतिशत मतदान किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि पुरुष वोटर 456427 महिला वोटर 410303 वोट पड़े हैं।

## पैसा क्लेकशन कर वापस अपने घर जा रहे युवक के साथ मारपीट

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: बाजार से पैसा क्लेकशन कर वापस अपने घर बरमसिया जाने के दौरान बरमसिया गांव के समीप कुछ लोगों ने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मारपीट की घटना देखकर कुछ लोगों ने तुरंत डायल 112 की सूचना दी जिसके बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को उठाकर रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज किया गया। घायल की पहचान बरमसिया गांव के रहने वाले मो आबिश के रूप में हुई है। घायल युवक ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर मेरे साथ मारपीट हुई है।

## ईट पत्थर चलाते हुए मारपीट की घटना को डायलअंजाम

अंतर्कथा प्रतिनिधि

जमुई झाझा-: पुरानी रंजिश को लेकर थानाक्षेत्र के तुंबापहाड़ गांव में चार भाईयों के साथ गांव के ही दर्जनों लोगों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट की घटना में घायल लोगों की पहचान मो. जिबराइल, मो. बसीम, नौसाद मियां एकरामुल अंसारी के रूप में हुई है। चारो घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। घायल जिबराइल ने बताया कि गांव के नवाज अंसारी, महफूज अंसारी सहित लगभग 50 लोग थे और सभी लोगों ने ईट पत्थर चलाते हुए मारपीट करने लगा जब मेरा भाई मुझको बचाने के लिए आया तो उक्त तीनों लोगों के साथ भी वे लोग मारपीट करने लगा। घायल ने आगे बताया कि लगभग पांच माह पूर्व उसके घर की एक बच्चें का मेरे भाई के द्वारा धक्का मारने के मामलें में एक लाख रूपए इलाज के लिए दिया गया था। इसी बात को लेकर वे लोग मनमुटाव रखे हुए था। मौका इंतेजार देखकर वे लोग हम चारों भाईयों के साथ ईट पत्थर चलाते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

## भारी गर्मी को देखते हुवे राज्य के सभी स्कूलों की समयावली अगले आदेश तक के लिए बदली गई

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बरहरवा/साहेबगंज -: अत्यधिक गर्मी और लू को देखते हुए झारखंड सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों की समय शनिवार से बदल दी है जिसे 22अप्रैल 2024 से लागू किया गया है। इसका आदेश शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दिन के 11.30 बजे तक संचालित होगी और इसी तरह कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक संचालित की जाएगी। पूरे झारखंड राज्य के हर जिले को ये आदेश आज जारी कर दिया गया। बताते चले कि झारखंड के अधिकतर जिले में पारा लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के आस पास पहुंच गया है,आम जन जीवन पूरी तरह चिलचिलाती हुई धूप और लू से परेशान है।

## बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी के जीजा नहीं रहे, धनबाद में हुआ हादसा

अंतर्कथा प्रतिनिधि

धनबाद : बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी की बहन सरिता और जीजा मुन्ना तिवारी सड़क हादसे के शिकार हो गये। यह हादसा धनबाद के निरसा इलाके में हुआ। हादसे में पंकज त्रिपाठी के जीजा राजेश तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की जान चली गई, वहीं बहन सरिता की हालत चिंताजनक बताई गई। उन्हें धनबाद के SN-MMCH अस्पताल से किसी बेहतर अस्पताल में ले जाने की तैयारी की जा रही थी। दोनों पति-पत्नी बिहार के गोपालगंज के कमालपुर से निरसा के रास्ते चितरंजन जा रहे थे। उनकी कार तेज रफ्तार में एक डिवाइडर से टकरा गई। कार मुन्ना तिवारी खुद चला रहे थे। परिवार के लोग एवं अन्य नाते-रिश्तेदार धनबाद पहुंच गये थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुन्ना तिवारी चितरंजन में रेलवे में कार्यरत थे। उनकी ड्यूटी रेलवे की जीएम ऑफिस में थी। वह छुट्टी पर अपने घर गोपालगंज गये थे। गोपालगंज से लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98